C M Y K

रायगढ़, शुक्रवार
19.05.2017
जयेष्ठ कृष्ण 08
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

www.sjunion.org

Web: www.nyaysakshi.com

3 सुप्रीम कोर्ट ने पूछा ...
6 देखे मनोरंजन में ....

» वर्ष-1 » अंक-08 »

## खबर ए खास

### तीन तलाक हर हाल में बंद होना चाहिए - अमित शाह



भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी तीन तलाक से संबंधित पीड़ाओं से मुस्लिम महिलाओं को बचाना चाहती है। शाह ने यहां मीडिया से कहा तीन तलाक हर हाल में बंद होना चाहिए, इसे जारी नहीं रहना चाहिए, उन्होंने कहा कि इसके कारण मुस्लिम महिलाओं को ढेर सारी पीड़ा झेलनी पड़ती है, शाह ने कहा, मैं मानता हूं कि महिलाओं को उनके अधिकार मिलने चाहिए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि तीन तलाक का मुद्दा समान नागरिक संहिता से अलग है।

### दुनिया का सबसे लंबा रेलवे पुल

भारत को जल्द दुनिया के सबसे उंचे रेलवे पुल का गौरव हासिल होगा क्योंकि जम्मू कश्मीर में चेनाब नदी पर बन रहे इस पुल का निर्माण कार्य पूरे जोर शोर से जारी है, फिनलैंड और जर्मनी के सलाहकारों द्वारा डिजाइन किया गया 1.315 किलोमीटर लंबा यह पुल चेनाब नदी के उपर 359 मीटर की उंचाई पर बन रहा है। यह उंचाई एफिल टावर से 35 मीटर अधिक है।

### केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप



दिल्ली सरकार से हटाए जाने के एक दिन बाद रविवार को आम आदमी पार्टी के विधायक कपिल मिश्रा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए, मिश्रा ने राजघाट पर संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने जैन को केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर उन्हें 2 करोड़ रुपए सौंपते हुए देखा, मिश्रा ने कहा, अरविंद केजरीवाल में पूरा विश्वास होने की वजह से मैं चुप था। परसों मैंने देखा कि जैन केजरीवाल को दो करोड़ रुपए नकद दे रहे हैं, केजरीवाल ने कहा कि राजनीति में कुछ चीजें होती है, केजरीवाल को जैन की ओर से इतनी बड़ी राशि देते हुए देखने के बाद मुझे सामने आना पड़ा, मैंने उप राज्यपाल अनिल बैजल को पूरा ब्यौरा सौंप दिया है, उन्होंने कहा अगर जरूरी हुआ तो मैं सीबीआई और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के सामने बयान देने के लिए तैयार हूं। उसके बाद भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, अन्ना हजारे समेत कई लोगों ने इस मामले में प्रतिक्रिया दी।

### हमारी जिंदगी बर्बाद करने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ीः मुलायम



उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की बुरी तरह से हुई हार के लिये कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुये सपा सरंक्षक मुलायम सिंह यादव ने कहा कि उनके मना करने के बावजूद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कांग्रेस से गठबंधन किया, और हमारी जिंदगी बर्बाद करने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी।

### जंगल राज कायम है पासवान



राजद के विवादास्पद नेता मोहम्मद शहाबुद्दीन द्वारा सीवान जिला जेल से पुलिस की कार्यशैली के बारे में पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद से फोन पर शिकायत करने का कथित ऑडियो बाहर आने के बाद बिहार में राजनीति गरमा गयी है। इस बीच लोक जनशक्ति पार्टी, लोजपा के नेता एवं केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान ने कहा कि बिहार में अभी भी जंगलराज कायम है।

### आइंस्टीन और हॉकिंग से भी तेज है राजगौरी



भारतीय मूल की बारह साल की राजगौरी का दिमाग वैज्ञानिक अलबर्ट आइंस्टीन और स्टीफन हॉकिंग से भी तेज है, इंग्लैंड में रहने वाली राजगौरी पवार का दिमाग और आईक्यू क्षमता आइंस्टीन और स्टीफन हॉकिंग से भी तेज पाया गया है।

### राहुल गांधी ने पूछा-किस बात का सेलिब्रेशन

राहुल गाँधी ने ट्वीट कर कहा कि युवा नौकरी पाने के लिए संघर्ष रहे है, किसान खुदकुशी कर रहे हैं और जवान सीमा पर शहीद हो रहे हैं। सरकार आखिर किस बात पर जश्न मना रही है?

## कोई कार्यवाही नहीं - एक डिपार्टमेंट से दूसरे डिपार्टमेंट को भेज रहे हैं फाईल
## *सोलह साल हो गए*आज तक मुआवजा नहीं दिया शासन ने

**शपथ-पत्र के साथ सामाजिक न्याय संघ को दिया था आवेदन**

**राजभवन के पत्र के बाद भी नहीं होता असर ?**

**Follow_up**







**न्यायसाक्षी रायगढ़।** शासन से मान्यता प्राप्त संस्था सोशल जस्टिस् यूनियन के समक्ष प्रस्तुत होकर दिए अपने लिखित आवेदन मय शपथ-पत्र में मालिकराम आ0 श्री कोंदा, उम्र 62 वर्ष लगभग, निवासी मुकाम पोस्ट गढ़उमरिया, तहसील रायगढ़, जिला रायगढ़,ने कहा कि मैं, घुरउराम एवं हिराउराम सह खातेदार है, और हमारी हक्, स्वत्व एवं कब्जे की पुष्तैनी जमीन रायगढ़ जिले में ग्राम गढउमरिया, प0ह0नं0 23, रा0 नि0 मं0 पुसौर तहसील रायगढ़, जिला रायगढ़ छ0ग0 में बरसों से है। कहा कि किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोज़ी, गढउमरिया रायगढ़ जो कि शासन से प्रवर्तित इंजीनियरिंग महाविद्यालय है, की स्थापना के समय हमारी जमीन को भी शासन के द्वारा अधिग्रहित किया गया था। उक्त अधिग्रहण के सापेक्ष में हमें बताया गया था कि हमें मुआवज़ा राशि मिलेगी तथा साथ में घर के सदस्य को शासकीय नौकरी भी दी जायेगी, जिसपर हमने अपनी जमीन को कही गई न्यायोचित मुआवज़ा राशि पर,, एवं हम तीन भाईयों के घर से एक सदस्य को नौकरी का लाभ मिलता देख सहमति प्रदान की थीं। उक्त अधिग्रहण की कार्यवाही 2001 में की गई। जिसके बाद से लगातार 16 वर्ष से हम प्रताड़ित हो रहे हैं, क्योंकि हमें अभी तक मुआवज़ा नहीं मिला है, जो कि हमारे लिए बेहद कष्टकारक है। हिराउ राम के पुत्र छोटेलाल को नौकरी दी गई एवं मेरे एवं घुरउराम के पुत्र/पुत्री को नौकरी नहीं दी गई, आज दिनॉक को हम सभी अपने आप को शासन के द्वारा ठगा हुआ सा महसूस करते हैं, अतः यह आवेदन आपके संज्ञान में लाए जाने की आवश्यकता महसूस हुई थी, पुर्व मे भी आवेदन दिया था, जिसपर हमें रमाननीय राजभवन से भी सूचना आई लेकिन हमें मुआवजा अभी तक नहीं मिला, और आज दिनॉक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई जो कि हम तीनों भाईयों के कलए जमीन देने के बाद भी बेहद तकलीफका विषय है। उक्त सम्बंध में हमारे द्वारा निदेशक, किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोज़ी, गढउमरिया रायगढ़ को कई बार लिखित में एवं मौखिक रुप से कार्यवाही करने को कहा लेकिन वे कुछ नहीं करते, कलेक्टर रायगढ़ के द्वारा भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही, जिससे हम सभी बेहद परेशान हैं, और न्याय के लिए कई सालों से भटक रहे हैं। हमें विदित है कि कार्यालय कलेक्टर भू-अर्जन शाखा रायगढ़ छ0ग0 में मूल चालान क्रमांक 223 दिनॉक 03/02/2014 को राशि 8,88,000/- अक्षरांक आठ लाख अठ्ठासी हजार रुपये जमा किए जा चुके हैं, जिसके बाद भी हमें आज तक मुआवज़ा रकम प्राप्त नहीं हुई है, जो कि हमें मानसिक रुप से प्रताड़ित किया जाने वाला है। अतः इस स्मरण-पत्र के माध्यम से आपके समक्ष पुनः निवेदन की आवश्यकता हुई, तत्काल प्रभाव से कार्यवाही किया जाकर न्याय प्रदान किए जाने की आवश्यकता है।

पिछले दिनों पीड़ित को कलेक्टर रायगढ़ के पत्र क्रमांक 40/पी.जी.एन./2017 रायगढ़ दिनॉक 20/02/2017 से जानकारी हुई कि उसके द्वारा निवेदित प्रकरण को कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी सारंगढ जिला रायगढ़ को भेजा गया है। जिसके बाद पीड़ित को एक अन्य पत्र क्रमांक /488ए/अ.वि.ज./वाचक-4/2017 द्वारा कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी सारंगढ जिला रायगढ़ से जानकारी हुई कि उक्त आवेदन उनके अनुविभाग से सम्बंधित नहीं है,अतः आवेदन-पत्र ग्राम गढउमरिया तहसील रायगढ से सम्बंधित होने से आवेदक का आवेदन-पत्र मूलतः अनुविभागीय अधिकारी रा0 रागयढ़ को प्रेषित है। इस प्रकार जाहिर है कि एक डिपार्टमेंट से दूसरे डिपार्टमेंट में घूमते-घूमते पीड़ित लगातार परेशान हो रहा है।

लेकिन सामाजिक न्याय संघ से बात किए जाने पर आशा व्यक्त की कि न्याय मिलेगा जरूर। जरूरत पड़ी तो समस्त दस्तावेज के साथ माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रकरण को प्रस्तुत किया जावेगा।

**:: सामाजिक न्याय संघ ने प्रकरण की गंभीरता के सापेक्ष में तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रकरण को तत्काल प्रभाव से निम्न को पुनः प्रेषित किया था ::**

1/ श्रीमान् राज्यपाल महोदय, राजभवन, छ0ग0 शासन, रायपुर, छ0ग0।

2/ श्रीमान् मुख्यमंत्री महोदय, छ0ग0 शासन, रायपुर, छ0ग0।

3/ श्रीमान् पुलिस महानिदेशक, छ0ग0 शासन, रायपुर, जिला रायपुर, छ0ग0।

4/ श्रीमान् पुलिस महानिरीक्षक, बिलासपुर रेंज,, जिला बिलासपुर, छ0ग0।

5/ श्रीमान् कलेक्टर, जिला कलेक्ट्रेट, रायगढ़, जिला रायगढ़, छ0ग0।

6/ श्रीमान् एस0पी0 महोदय, रायगढ़, जिला रायगढ़, छ0ग0।

7/ श्रीमान् थाना प्रभारी, थाना जूटमिल, रायगढ़, जिला रायगढ़, छ0ग0।

**जिसपर संघ के द्वारा तत्काल कार्यवाही किए जाने की आशा व्यक्त की गई है।**

## पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ बोलेंगे नहीं करके दिखाएंगेः राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली :** राजनाथ सिंह ने कहा सर्जिकल स्ट्राइक के लिए 10-15 दिन तक तैयारी करनी पड़ी थी। कृपया ऐसा न समझें कि सरकार के स्तर पर कुछ भी नहीं किया जा रहा है। फिलहाल मैं इतना ही कह सकता हूं , और यह भी कि हम हमारे देशवासियों का सिर शर्म से झुकने नहीं देंगे। पाकिस्तान में बसे आतंकवादियों द्वारा भारतीय सुरक्षाबलों पर किए जा रहे हमलों तथा हाल ही में दो भारतीय सैनिकों के शवों के साथ, पाकिस्तान द्वारा की गई बर्बरता के मामले पर बोलते हुए केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार देशवासियों का सिर शर्म से झुकने नहीं देगी और सिर्फ बोलते न रहकर कार्रवाई करके दिखाएगी। कश्मीर के हालात को लेकर तैयार किए गए इंडिया टीवी के एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा बोल कर नहीं करेंगे करके दिखाएंगे। इसी महीने की शुरुआत में पाकिस्तानी फौजियों द्वारा भारतीय सैनिकों के सिर काटे जाने के मामले में भारत द्वारा जवाब दिए जाने के संकेत देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि लोगों को ऐसा नहीं समझना चाहिए कि सरकार की ओर से कुछ भी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता का दर्द समझती है। उन्होंने कहा दर्द हमारे दिलों में भी मौजूद है लेकिन हम उस दर्द को बहुत लंबे समय तक बने नहीं रहने देंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या भारतीय सेना आतंकवादियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए फिर सीमा पार करेगी, राजनाथ सिंह ने कहा इस सवाल पर मुझे प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए, जो ज़्यादा बोलते हैं, वह कुछ नहीं करते, हम पहले से घोषणा नहीं करेंगे करके दिखाएंगे। सेनाधिकारी उमर फैयाज़ के पारिवारिक विवाह समारोह से अगवा कर मार डालने वाले आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने कहा देखते रहिए, उन्होंने कहा उमर फैयाज़ के साथ जो कुछ भी हुआ, उसने सभी भारतीयों के दिलों में दर्द पैदा किया है, वह युवाओं के लिए रोल मॉडल थे। देश में माओवाद की समस्या को लेकर राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले दो साल के दौरान आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों की तादाद में 450 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा माओवादी गतिविधियों में भी 40 से 45 फीसदी की कमी आई है।

## विश्वकप हेतु भारतीय टीम की घोषणा

**क्रिकेट** बीसीसीआई ने 24 जून से इंग्लैंड में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम की अगुवाई कैप्टन मिताली राज करेंगी। बीसीसीआई ने 24 जून से इंग्लैंड में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। दक्षिण अफ्रीका में चतुष्कोणीय क्रिकेट श्रृंखला में भाग ले रही 15 सदस्यीय टीम में सिर्फ 1 बदलाव किया गया है इसके अलावा बाकी सभी खिलाडियों को विश्व कप के लिये चुना गया है। इसमें 19 वर्षीय दीप्ति शर्मा भी मौजूद हैं जिन्होंने सोमवार को आयरलैंड के खिलाफ रिकार्ड 188 रन की पारी खेली। टीम में स्मृति मंधाना की वापसी हुई है जो घुटने की चोट के चलते जनवरी से मैदान से बाहर चल रहा है। उन्हे दीवका वैद्य की जगह टीम में जगह मिली है। मंधाना ने भारत के लिए अपना अंतिम मुकाबला दिसंबर 2016 में टी20 एशिया कप के दौरान खेला था। इसके अलावा टीम में सुषमा वर्मा और नुज़हत परवीन के रूप में 2 विकेट कीपर्स शामिल किये गए हैं। भारतीय टीम अपने विश्व कप अभियान का आगाज मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ जून 24 को डर्बी के काउंटी ग्राउंड में करेगी। चिर-प्रतिद्वंदी भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत रविवार 2 जुलाई को होगी। टूर्नामेंट में सभी 8 टीमें एक-एक बार एक दूसरे के विरुद्ध खेलेंगी जिसमे से टॉप 4 टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। विश्व कप का फाइनल जुलाई 23 को क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर होगा।

## राष्ट्रपति चुनाव
### बीजेपी के पास बहुमत का आंकड़ा - विपक्ष भी बना रहा रणनीति

**नई दिल्ली :** सरकार के खिलाफ सबसे बड़े सियासी दांव की तैयारी माना जा रहा है कि विपक्ष प्लान बी के तहत मौजूदा राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी पर ही दांव लगा सकता है। इस संबंध में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संकेत देते हुए कहा भी है कि अगर केंद्र सरकार मौजूदा राष्ट्रपति को दूसरा कार्यकाल देने के प्रस्ताव को सामने लाती है तो विपक्ष उनके नाम पर समर्थन देने के लिए विचार कर सकता है। वैसे तो राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए बहुमत के आंकड़े के करीब पहुंच गया है लेकिन विपक्ष किसी भी हालत में महज सांकेतिक लड़ाई के मूड में नहीं है। विपक्ष की तरफ से पहले तो गोपालकृष्ण गांधी और मीरा कुमार के नाम पर चर्चा चली, लेकिन अब माना जा रहा है कि विपक्ष प्लान बी के तहत मौजूदा राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी पर ही दांव लगा सकता है। इस सबध मे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने



संकेत देते हुए कहा भी है कि अगर केंद्र सरकार मौजूदा राष्ट्रपति नीतीश कुमार को दूसरा कार्यकाल देने के प्रस्ताव को सामने लाती है तो विपक्ष उनके नाम पर समर्थन देने के लिए विचार कर सकता है। माना जा रहा है कि नीतीश ने यह दांव बीजेपी और उनके सहयोगी दलों के बीच सर्वसम्मत उम्मीदवार सामने लाने के लिए दबाव बनाने की दिशा में फेंका है। इस संबंध में पटना में सोमवार को राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को दोबारा राष्ट्रपति बनाए जाने के विषय में पूछे जाने पर जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा इससे अच्छी बात और क्या हो सकती है। यह तो केंद्र सरकार को सोचना है।

**बड़ा सवाल**

वैसे यह इतना आसान भी नहीं है क्योंकि सरकार ने अभी इस बारे में किसी प्रकार का कोई संकेत नहीं दिया है। वाईएसआर कांग्रेस के समर्थन देने के बाद राष्ट्रपति चुनाव में बहुमत के करीब पहुंच चुकी बीजेपी ने अभी इस मसले पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं। दूसरी बड़ी बात यह है कि ऐसा माना जा रहा है कि आम सहमति बनने की दशा में ही प्रणब मुखर्जी इसके लिए तैयार हो सकते हैं। वैसे राष्ट्रपति ने दूसरे कार्यकाल के बारे में अपनी तरफ से कुछ भी नहीं कहा है।

### केजरीवाल Vs कपिल मिश्र

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी से निलंबित और दिल्ली सरकार से बर्खास्त मंत्री और विधायक कपिल मिश्र ने अब अरविंद केजरीवाल के अलावा पार्टी से सीधे लड़ाई का मन बना लिया है। अभी तक वह पार्टी के सारे कामों के लिए अरविंद केजरीवाल को निजी तौर पर जिम्मेदार बता रहे थे। गौरतलब है कुछ दिन पर अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाने के लिए आम आदमी पार्टी ने कपिल मिश्रा को बीजेपी का एजेंट करार दिया था, कहा था कि कपिल मिश्रा बीजेपी की जुबान बोल रहे हैं। यह अलग बात है कि पार्टी ने गंभीर आरोपों पर ज्यादा कुछ नहीं कहा, पार्टी ने एक लाइन का जवाब तय कर दिया कि यह विपक्षियों की चाल है। इसी के साथ आप पार्टी समर्थक और नेताओ ने कपिल मिश्रा की मनोज तिवारी के साथ तस्वीर साझा कर कहा पार्टी समर्थकों ने यह दर्शाने की कोशिश की कि कपिल मिश्रा बीजेपी के इशारे पर यह सब कर रहे है। यह अलग बात है कि जिस तस्वीर को हाल की बताया जा रहा था उस तस्वीर पर कपिल मिश्रा ने जवाब दिया कि यह तस्वीर करीब दो साल पुरानी है।

## लालू यादव पर लगे आरोपों पर नीतीश कुमार ने वाकई दी क्लीनचिट ?

**पटनाः** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरजेटी प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार पर शेल फजी कंपनी के जरिए कथित तौर पर बेनामी संपत्ति अर्जित करने के बीजेपी नेता सुशील कुमार मोदी के आरोपों पर अपनी चुप्पी तोड़ी और कहा कि लगाए गए आरोप कम्पनी कानून से संबंधित हैं, जो केन्द्र सरकार के दायरे में आता है। यहां तक तो ठीक है, कई मीडिया हाउस और रिपोर्टरों ने नीतीश कुमार की इस टिप्पणी को नीतीश की क्लीनचिट करार दिया। लेकिन, नीतीश कुमार ने इशारों इशारे में विपक्ष को जांच कराने की चुनौती भी दे डाली, इनकी इस बात से तेजस्वी यादव काफी नाराज हो गए, जब मीडिया के कुछ लोगों ने नीतीश कुमार के इस बयान पर तेजस्वी यादव से जवाब मांगा तो वह उखड़ गए, बोले- क्या एक ही परिवार की जांच होती रहेगी। उन्होंने अपनी इस नाराजगी को दो ट्वीट के जरिए साझा भी किया। एक रीट्वीट में उन्होंने कहा कि आखिर क्यों मीडिया विपक्ष पर ही हमलावर है,जबकि बीजेपी के घोटालों को नजरअंदाज किया जा रहा है। दूसरे ट्वीट में उन्होंने कहा कि बीजेपी नेता सुशील कुमार मोदी पर लगे आरोपों की जांच क्यों नहीं हो-बता दें कि लोक संवाद कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद पर लगे आरोपों के संदर्भ में पूछे गये सवाल पर नीतीश ने कहा कि जो भी आरोप लगाया गया है उसका लालू जी और राजद द्वारा उत्तर दे दिया गया है, इसपर किसी तीसरे पक्ष के बोलने की आवश्यक्ता नहीं है।

**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र रायगढ़ एवं जशपुर जिले हेतु रिपोर्टर/संवाददाता चाहिए तत्काल संपर्क करें

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
श्रीराम कॉलोनी,स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन * हेडलबर्ग * से 4 कलर की प्रिंटिग होती है।
प्रिंटिंग जॉब हेतु तत्काल सम्पर्क करें

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

C M Y K